प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

……………………

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज से सीकर, झुंझुनूं और चूरू के तीन दिन के दौरे पर हैं। इस दौरान श्री शर्मा आमजन से संवाद करेंगे और विभिन्न क्षेत्रों के संबंधित विषयों पर अधिकारियों की बैठकें लेंगे। यात्रा के तहत वे आज चौमूं में एक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। श्री शर्मा का आज ही सीकर में जनसुनवाई का कार्यक्रम है। वे कल झुंझुनूं के पिलानी में यमुना जल समझौते की डीपीआर को लेकर गठित संयुक्त टास्क फोर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान वे नक्शे और अलाइमेंट की डिजाइन पर चर्चा करेंगे।

……………………

प्रदेशभर में आज से ग्रीष्मकालीन मिलावट विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। 5 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत सभी जिलों में हर एक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को इस अवधि के दौरान 60 नमूने लेने का लक्ष्य दिया गया है। अभियान के दौरान 6000 नमूने लिए जाएंगे। साथ ही ऐसी निर्माण इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो मानदंडों का उल्लंघन कर खाद्य सामग्री बना रही है या मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाती हैं। निरीक्षण अभियान विशेष रूप से डेयरी उत्पाद, बर्फ उत्पाद, शीतल पेय पदार्थ, फल, सब्जी, मिठाई पर केंद्रित होगा। दूसरे चरण में अधिक निर्माण इकाइयों और थोक विक्रेताओं को कवर किए जाएगा।

……………………

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जैसलमेर प्रवास पर है। इस दौरान उन्होंने सोनार दुर्ग का निरीक्षण किया। श्री शेखावत ने एएसआई और जिला प्रशासन के अधिकारियों से दुर्ग की संरचनात्मक स्थिति पर जानकारी ली। दुर्ग के दूसरे वैकल्पिक मार्ग पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को किले के संरक्षण और रख रखाव को लेकर दिशा निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री ने दुर्ग स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना कर देश और प्रदेश में अमन, चैन तथा खुशहाली की कामना की।

……………………

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में एमएसएमई एक्सपो का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह एक्सपो केवल प्रदर्शनी नहीं है बल्कि नए विचारों, अवसरों और संभावनाओं का महासंगम है। उन्होंने कहा कि ये एक्सपो देशभर से आए युवा और महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का मजबूत अवसर दे रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे भी मौजूद रही। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री ने प्रदर्शनी में लगाई गई विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने उद्यमियों से संवाद भी किया।

……………………

दुनिया भर में लिवर की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज लिवर दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन लोगों को तैलीय और चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करके स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित किया जाता है। इस वर्ष के विश्व लिवर दिवस की थीम है 'भोजन ही औषधि है'। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, देश में लिवर की बीमारियाँ, मृत्यु का 10वाँ सबसे आम कारण हैं।

……………………

पाली के मेडिकल कॉलेज परिसर में 380 बेड का नया चार मंजिला ट्रोमा वार्ड बनाया जा रहा है। इस पर दो करोड़ रूपये खर्च किये जा रहे है। इसके बनने से अब मरीजों को पाली में ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। यहां अत्याधुनिक मशीनो से लैस ऑपरेशन थिएटर बनाया जाएगा। साथ ही 24 बेड का ऑब्जरवेशन आईसीयू वार्ड बनाया जाएगा।

……………………

भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट ने आज 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 1975 में आज ही के दिन प्रक्षेपित किए गए इस उपग्रह का नाम प्राचीन भारतीय गणितज्ञ और खगोलशास्त्री आर्यभट्ट के नाम पर रखा गया था। इसरो द्वारा निर्मित इस उपग्रह को सोवियत संघ की सहायता से कपुस्तिन यार कस्बे से प्रक्षेपित किया गया था। उपग्रह का उद्देश्य सौर भौतिकी, एरोनॉमी और एक्स–रे खगोल विज्ञान सहित कई क्षेत्रों का पता लगाना था। इसके सफल प्रक्षेपण के साथ, भारत कक्षा में उपग्रह भेजने वाला दुनिया का 11वां देश बना था।

……………………

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंटस से होगा। एसएमएस स्टेडियम में ये मैच शाम साढे सात बजे से खेला जायेगा। वहीं गुजरात में एक अन्य मैच में गुजरात टाइटंस का सामना डेल्ही कैपिटल्स से होगा।

……………………